मेरी विनती सब सुनता | by Abhishek Ratawa

मेरी विनती सब सुन लेता जब लेता उसका नाम
मेरी नैया का खिवैया मेरा खाटूवाला श्याम
जय श्याम श्याम जय श्याम .....

अपने जीवन में जो हारा
उनका तू बन जाये सहारा
मन मेरा अब डोल उठा है
कहने को कुछ बोल उठा है
हारा हूँ मैं तू ही बचाले खाटूवाले श्याम
मेरी नैया का खिवैया मेरा खाटूवाला श्याम
जय श्याम श्याम जय श्याम .....

सुबह शाम तेरा गुण गाता
चरणों में तेरे शीश नवाता
भव सागर में अटकी नैया
बाबा तू ही पार लगाता
तू खिवैया बन जाता मेरे खाटूवाले श्याम
मेरी नैया का खिवैया मेरा खाटूवाला श्याम
जय श्याम श्याम जय श्याम .....

पल पल तेरी याद सतावे
श्याम छवि सपनो में आवे
तेरे नाम का डंका बाजे
खाटू में मेरा श्याम बिराजे
मेरे नैनो में बस जाना खाटूवाले श्याम
मेरी नैया का खिवैया मेरा खाटूवाला श्याम
जय श्याम श्याम जय श्याम .....

अभिषेक तेरा गुण गावे
सच्चे मन से ध्यान लगावे
खाटू की चौखट पे आके
चरणों की सेवा है पावे
तू बिगड़ी बना दे दाता खाटूवाले श्याम
मेरी नैया का खिवैया मेरा खाटूवाला श्याम
जय श्याम श्याम जय श्याम .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b5%e0%a4%bf%e0%a4%a8%e0%a4%a4%e0%a5%80-%e0%a4%b8%e0%a4%ac-%e0%a4%b8%e0%a5%81%e0%a4%a8%e0%a4%a4%e0%a4%be-by-abhishek-ratawa/